# सीना तान कर बोलूंगा देश नक्सल मुक्त

## गृह मंत्री अमित शाह बोले- बस्तर को भय नहीं, विश्वास की पहचान बताया

**रायपुर, 18 मई. भारत अब नक्सवाद से मुक्त हो चुका है. केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने छत्तीसगढ़ में बड़ी घोषणा करते हुए बताया कि देश से नक्सलवाद का खात्मा हो चुका है. अब इन इलाकों का तेजी से विकास होगा. सरकार को अगले एक साल में गांव-गांव ते भेजेंगे.**

**शहीद जवानों के परिवारों से भी मिले अमित शाह**

**बस्तर में विकास अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का भरोसा जताया**

वे जगदलपुर में लोगों को संबोधित कर रहे थे. केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को कहा कि सरकार छत्तीसगढ़ के बस्तर क्षेत्र में स्थायी शांति कायम करने और यह सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है कि विकास अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे. नक्सलवाद के खात्में के बाद अब तेजी से विकास होगा. बता दें कि रविवार को छत्तीसगढ़ के तीन दिवसीय दौरे पर आए केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने बस्तर जिले के मुख्यालय जगदलपुर स्थित अमर वाटिका में माओवाद के खिलाफ लड़ाई में अपने प्राणों की आहुति देने वाले 1,000 से अधिक सुरक्षाकर्मियों को श्रद्धांजलि अर्पित की. मुख्यमंत्री विष्णु देव साय भी इस अवसर पर उपस्थित थे. उन्होंने कहा कि, बस्तर क्षेत्र में शांति, सुरक्षा और विकास के लिए हमारे जवानों के बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता. राष्ट्र की सुरक्षा के लिए प्राणों की आहुति देने वाले वीर जवानों का बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा. केंद्रीय गृह मंत्री ने सुरक्षाकर्मियों से भी बातचीत की और उनके साहस, समर्पण और प्रतिबद्धता की प्रशंसा की.

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि शहीद जवानों के बलिदान को कभी भुलाया नहीं जाएगा और उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि राज्य सरकार उनके परिवारों के कल्याण, सम्मान और सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है.



छत्तीसगढ़ को 31 मार्च को नक्सल मुक्त घोषित किया गया था. इसके बाद प्रदेश में यह केंद्रीय मंत्री शाह की पहली यात्रा है. यहां शाह ने कहा कि, केंद्र और राज्य सरकारें दोनों ही यह सुनिश्चित करने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ काम कर रही हैं कि स्थायी शांति और विकास अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे. बयान में कहा गया है कि अमर वाटिका में आयोजित कार्यक्रम के दौरान, शाह ने बीजापुर जिले में माओवादी हमले में जान गंवाने वाले सुरक्षाकर्मियों कलेंद्र प्रसाद नायक और पवन कुमार मांडवी के परिवारवालों से मुलाकात की और उन्हें सरकार की ओर से हर संभव सहायता का आश्वासन दिया.



## राजनाथ सिंह गए वियतनाम और दक्षिण कोरिया यात्रा पर

**नई दिल्ली, 18 मई.** केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह 18 से 21 मई 2026 तक वियतनाम और दक्षिण कोरिया की आधिकारिक यात्रा पर गए. इस दौरे का उद्देश्य सैन्य सहयोग, रक्षा औद्योगिक साझेदारी और समुद्री सहयोग को मजबूत करना है, ताकि इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में शांति और स्थिरता को बढ़ावा दिया जा सके।वियतनाम यात्रा 18 और 19 मई को होगी. यह यात्रा भारत और वियतनाम के बीच व्यापक रणनीतिक साझेदारी के 10 वर्ष पूरे होने के अवसर पर हो रही है. रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह वियतनाम के रक्षा मंत्री जनरल फान वान जियांग से मुलाकात करेंगे और रक्षा सहयोग व भविष्य की योजनाओं पर चर्चा करेंगे.

ईडी का गैंस्टर इकबाल मिर्ची पर शिकंजा

# 700 करोड़ की संपत्ति कुर्क

**नई दिल्ली, 18 मई. प्रवर्तन निदेशालय ने गैंगस्टर इकबाल मिर्ची और उसके परिवार के सदस्यों से जुड़े 700.27 करोड़ रुपये की अचल संपत्तियों को कुर्क किया है.**

ईडी के मुंबई क्षेत्रीय कार्यालय ने सोमवार को बताया कि कुर्क की गई इन संपत्तियों में मुंबई के वर्ली इलाके में स्थित तीन बेहद कीमती संपत्तियों राबिया मेंशन, मरियम लॉज और सी व्यू शामिल हैं, जिनकी कीमत लगभग 497 करोड़ रुपये है. इसके साथ ही दुबई में मौजूद करीब 203.27 करोड़ रुपये की विदेशी संपत्तियों को भी कुर्क किया गया है.

ईडी ने इस मामले की जांच मुंबई पुलिस द्वारा इकबाल मोहम्मद मेमन उर्फ इकबाल मिर्ची के खिलाफ एम.आर.ए. मार्ग पुलिस स्टेशन सहित अन्य थानों में दर्ज कई प्राथमिकी के आधार पर शुरू की थी. मिर्ची के खिलाफ




भारतीय दंड संहिता (आईपीसी), आर्म्स एक्ट, टाडा और एनडीपीएस एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत मामले दर्ज थे. धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत की गई जांच से पता चला है कि इकबाल मिर्ची कथित तौर पर मादक पदार्थों की तस्करी, जबरन वसूली, अवैध हथियारों की खरीद-बिक्री और अन्य संगठित आपराधिक गतिविधियों में शामिल था. इन अपराधों के जरिए उसने भारी मात्रा में अवैध धन की कमाई की और उसे अपने परिवार के सदस्यों, सहयोगियों और अपने नियंत्रण वाली कंपनियों के नाम पर भारत और विदेशों में संपत्तियां खरीदकर ठिकाने लगाया।

**ट्रस्ट ने झूठे तथ्य पेश किए**

ईडी ने कहा कि उसकी जांच से यह साबित हुआ है कि ट्रस्ट ने इकबाल मिर्ची के साथ साजिश रचकर अदालत के सामने कथित तौर पर झूठे तथ्य पेश किए और मुख्य बातों को छुपाया, ताकि इन संपत्तियों को पहले की कुर्की की कार्रवाई से मुक्त कराया जा सके. आगे की जांच में सामने आया कि इस अपराध की कमाई का इस्तेमाल विदेशों में संपत्ति खरीदने के लिए किया गया था. इसमें दुबई का होटल मिडवेस्ट अपार्टमेंट और दुबई के ही कॉरपोरेट बे तथा डीईसी टावर्स में स्थित 14 रियल एस्टेट इकाइयां शामिल हैं.

# गरीबों पर महंगाई की मार

## कांग्रेसाध्यक्ष खरगे का भाजपा पर हमला



**नई दिल्ली, 18 मई.** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर सीधा आरोप लगाते हुए कहा है कि वह चुनाव तक महंगाई और कीमतों से जुड़ी वास्तविक स्थिति छिपाते हैं और चुनाव खत्म होते ही गरीबों को नुकसान पहुंचाने वाले फैसले लेते हैं. उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सरकार की नीतियों के कारण लगातार महंगाई बढ़ रही है और इसका सबसे अधिक खामियाजा देश के गरीब तथा आम लोगों को झेलना पड़ रहा है.

खरगे ने सोशल मीडिया एक्स पर सोमवार को लिखा कि यदि प्रधानमंत्री मोदी चुनाव से पहले पेट्रोल-डीजल समेत अन्य आवश्यक वस्तुओं की कीमतें बढ़ाते तो भाजपा को इसका बड़ा राजनीतिक नुकसान उठाना पड़ता. इसी कारण सरकार ने चुनाव तक सभी बातों को देश से छिपाकर रखा लेकिन चुनाव समाप्त होते ही कीमतों में बढ़ोतरी कर दी.




**यूरोपीय देश में पीएम मोदी को सर्वोच्च सम्मान**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम एक और बहुत बड़ी उपलब्धि जुड़ गई है. यूरोपीय देश नॉर्वे ने पीएम मोदी को अपने सबसे बड़े और सर्वोच्च सम्मान 'ग्रैंड क्रॉस ऑफ द रॉयल नॉर्वेजियन ऑर्डर ऑफ मेरिट' से नवाजा है.

# अब दिल्ली एनसीआर में ईवी वाहन चलेंगे

**चंडीगढ़, 18 मई.** हरियाणा कैबिनेट की मीटिंग चंडीगढ़ में सचिवालय में हुई. सीएम नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में हुई इस मीटिंग में 27 एजेंडों को मंजूरी दी गई. अहम बात है कि कैबिनेट ने हरियाणा मोटर व्हीकल एक्ट में बदलाव किया है. मीटिंग में पानीपत की चुलकाना धाम को श्राइन बोर्ड का दर्जा भी दिया गया है.

कैबिनेट मीटिंग में बीसीए और और बीसीबी वर्ग के तहत नौकरी अप्लाई करने वाले लोगों को राहत दी गई है. इस संबंध में 3069 पदों के लिए ऐड दी गई थी. लेकिन जो तकनीकी प्रॉब्लम थी उसे आज कैबिनेट में राहत दी गई है. उधर, मेक इन हरियाणा इंडस्ट्रियल पॉलिसी 2026 को लागू करने का फैसला लिया गया. हरियाणा में एनसीआर व्हीकल नीति में बदलाव किया गया है और मुख्यमंत्री ने कहा कि एनसीआर में अब इलेक्ट्रिक व्हीकल और सीएनजी गाड़ियां ही चलेंगी. वहीं, हरियाणा में इलेक्ट्रिक व्हीकल पर कोई रजिस्ट्रेशन टैक्स नहीं लगेगा. गौर रहे कि गुरुग्राम, फरीदाबाद, सोनीपत समेत करनाल तक के इलाके दिल्ली एनसीआर में आते हैं. प्रदेश के कुल 14 जिले एनसीआर में आंशिक और पूरी तरह आते हैं.



मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि आने वाले समय मे इलेक्ट्रिक गाड़ियों को बढ़ावा मिल रहा है. ऐसे में ईवी रजिस्ट्रेशन फ्री करने पर काम किया जा रहा है. वर्क फ्रॉम होम पर भी काम किया जाएगा और वर्चुल बैठकों पर भी जोर दिया जाएगा.

## महाराष्ट्र परिषद चुनाव 18 जून को होंगे

**नई दिल्ली 18 मई.** चुनाव आयोग ने महाराष्ट्र विधान परिषद के लिए स्थानीय निकायों से 16 सीटों के लिए द्वैवार्षिक चुनाव 18 जून को करने की घोषणा की है. इनके साथ ही नागपुर स्थानीय निकाय की परिषद की रिक्त पड़ी एक सीट के लिए उप-चुनाव भी कराया जाएगा. चुनाव आयोग द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार इन चुनावों के लिए अधिसूचना 25 मई को जारी की जाएगी और उसी दिन से नामांकन पत्र भरने का कार्यक्रम शुरू हो जाएगा. नामांकन पत्र 01 जून तक नामांकन पत्र भरे जा सकेंगे. नामांकन पत्रों की जांच 02 जून को कराई जाएगी और नाम 04 जून तक वापस लिए जा सकेंगे.

## आज का इतिहास

1824- सन 1857 के भारतीय स्वतन्त्रता के प्रथम संग्राम के शिल्पकार नाना साहब का जन्म

1904- टाटा समूह के संस्थापक जमशेद जी टाटा का निधन


1910- राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के हत्यारे नाथूराम गोडसे का जन्म

1913- भारत के राष्ट्रपति नीलम संजीव रेड्डी का जन्म

1934- अंग्रेजी भाषा के प्रसिद्ध भारतीय लेखक रस्किन बॉन्ड का जन्म

1971- भारतीय नौसेना का पहला पनडुब्बी अड्डा वीर बाहू विशाखापत्तनम में शुरू हुआ

# पीएम मोदी ने देवेगौड़ा को दी जन्मदिन की बधाई



**राष्ट्र निर्माण में योगदान को सराहा**

**नई दिल्ली, 18 मई.** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज सोमवार को पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा को उनके जन्मदिन पर शुभकामनाएं दीं. उन्होंने कहा कि एचडी देवेगौड़ा ने अपने लंबे सार्वजनिक जीवन के दौरान राष्ट्र के लिए उत्कृष्ट योगदान दिया है.

पीएम मोदी ने एक्स पर कहा-पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, 'एचडी देवेगौड़ा को उनके जन्मदिन पर हार्दिक शुभकामनाएं. सार्वजनिक जीवन में अपने लंबे कार्यकाल के दौरान उन्होंने हमारे राष्ट्र के लिए उत्कृष्ट योगदान दिया है. वे नीति-संबंधी मुद्दों की अपनी गहरी समझ और वंचितों की सेवा के प्रति अपने जुनून के लिए जाने जाते हैं. मैं उनके लंबे और स्वस्थ जीवन की कामना करता हूं।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा-रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा, 'पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा को उनके जन्मदिन पर हार्दिक शुभकामनाएं. उन्होंने भारत के विकास में, विशेष रूप से किसानों के हितों की रक्षा करने में, उल्लेखनीय योगदान दिया है. गृह मंत्री अमित शाह ने भी एचडी देवेगौड़ा को जन्मदिन की बधाई दी-केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी एचडी देवेगौड़ा को जन्मदिन की बधाई दी. शाह ने 'एक्स' पोस्ट में कहा, पूर्व प्रधानमंत्री और राजनेता एचडी देवेगौड़ा को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं. वे धरती के सच्चे सपूत हैं. किसानों और ग्रामीण भारत के प्रति उनके आजीवन समर्पण ने हमारे राष्ट्र पर एक अमिट छाप छोड़ी है.

# ईरान ने रखीं शांति समझौते की संशोधित शर्तें

**तेहरान, 18 मई.** ईरान ने सोमवार को कहा कि पाकिस्तान की मध्यस्थता से अमेरिका के साथ चल रही परोक्ष कूटनीति 'एक निरंतर चलने वाली प्रक्रिया' है और दोनों पक्ष व्यापक शांति समझौते की शर्तों पर लगातार चर्चा कर रहे हैं. इसके साथ ही ईरान ने अमेरिका तक अपना ताजा रुख पहुंचाने में कामयाबी पायी है.

**परमाणु मुद्दों पर चर्चा से किया इनकार**

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रविवार को ईरान को चेतावनी देते हुए कहा था कि उनके लिए 'समय तेजी से निकल रहा है' और उसे होर्मुज जलडमरूमध्य को दोबारा खोलने तथा उसे इस युद्ध को समाप्त करने के लिए समझौते को स्वीकार कर लेना चाहिए। इसका फिलहाल कोई समाधान निकलता नहीं दिख रहा है. पिछले हफ्ते ट्रंप के सार्वजनिक रूप से यह दावा किये जाने के बावजूद कि अमेरिका ने ईरान के ताजा प्रस्ताव को खारिज कर दिया है, पर प्रतिक्रिया करते हुए बघाई ने कहा, ईरान को पाकिस्तानी मध्यस्थ से उनके दृष्टिकोण के अनुसार कुछ सुधारात्मक टिप्पणियां और सुझाव मिले थे, जिन पर पिछले कुछ दिनों में विचार किया गया.

**ट्रंप ने दी थी चेतावनी**

ट्रंप ने 'ट्रुथ सोशल' पर चेतावनी दी थी कि अगर ईरानी नेता शांति समझौते पर 'तेजी से कदम आगे बढ़ाने' में नाकाम रहते हैं तो 'उनका नामोनिशान नहीं बचेगा'. ईरान ने इस धमकी पर कोई प्रतिक्रिया तक देने की जहमत नहीं की है. सीबीएस न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, ट्रम्प के उस बयान पर प्रतिक्रिया व्यक्त करने के बदले ईरानी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बघाई ने सोमवार को सीधे यह कहा, 'बातचीत और समझौते निरंतर चलने वाली प्रक्रिया हैं, न कि रुक-रुक कर होने वाली.

उन्होंने बताया कि सप्ताहांत पर 'जवाब में हमारा रुख भी अमेरिकी पक्ष को बता दिया गया था'. ईरानी अधिकारी ने इस बात पर जोर दिया कि ईरान के दृष्टिकोण से यह बातचीत 'युद्ध समाप्त करने पर' केंद्रित है और उसके 'परमाणु संवर्धन के अधिकार' को मान्यता प्राप्त है, क्योंकि वह देश अंतरराष्ट्रीय परमाणु अप्रसार संधि (एनपीटी) का हस्ताक्षरकर्ता है. उन्होंने कहा, 'हमने इस बात पर जोर दिया है कि हम अप्रसार संधि के तहत अपने अधिकारों को नहीं छोड़ेंगे. हमने इस चरण में परमाणु मामलों के संबंध में किसी भी विवरण पर चर्चा नहीं की है.

# जस्टिस स्वर्णकान्ता से न्याय की उम्मीद टूटी : केजरीवाल

**नई दिल्ली, 18 मई. आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने हाल ही में सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म एक्स पर जस्टिस स्वर्णकान्ता शर्मा को लेकर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि अब उनकी उम्मीद टूट चुकी है.**



उन्होंने अपने संदेश में स्पष्ट किया कि अपनी अंतरात्मा की आवाज़ सुनते हुए और गांधी जी के सिद्धांतों को मानते हुए उन्होंने फैसला किया है कि वह केस में न्यायाधीश के सामने पेश नहीं होंगे और कोई दलील नहीं रखेंगे. केजरीवाल का यह कदम राजनीतिक और कानूनी गलियारों में चर्चा का विषय बन गया है.

# प्रेमानंद महाराज अस्वस्थ

**वृंदावन, 18 मई. वृंदावन के प्रसिद्ध संत प्रेमानंद महाराज की अचानक स्वास्थ्य बिगड़ने के कारण उनकी रोजाना की पदयात्रा अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी गई है.**

**दर्शन अनिश्चितकाल के लिए रुके**

**21 साल से किडनी की बीमारी से जूझ रहे**

रविवार की देर रात बड़ी संख्या में भक्त दर्शन के लिए आश्रम पहुंचे, लेकिन महाराज जी सुबह 3 बजे पदयात्रा के लिए नहीं निकल पाए. शिष्यों ने लाउडस्पीकर के माध्यम से श्रद्धालुओं को सूचना दी और सड़क किनारे भीड़ न लगाने की अपील की. आश्रम सूत्रों ने बताया कि महाराज पिछले करीब 21 सालों से किडनी की गंभीर बीमारी से जूझ रहे हैं. अचानक तबीयत बिगड़ने के कारण डॉक्टरों की सलाह पर उन्हें विश्राम दिया गया है.



# यूएई परमाणु संयंत्र हमले पर भारत चिंतित

**नई दिल्ली 18 मई.** भारत ने संयुक्त अरब अमीरात के बराकाह परमाणु ऊर्जा संयंत्र को निशाना बनाकर किए गए कथित ड्रोन हमले पर गहरी चिंता व्यक्त की है. भारत ने इस घटना को खतरनाक तनाव वृद्धि बताया और सभी पक्षों से संयम बरतने तथा कूटनीतिक संवाद की राह पर लौटने की अपील की है. विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा, भारत यूएई के बराकाह परमाणु संयंत्र को निशाना बनाकर किए गए हमले को लेकर गहरी चिंता व्यक्त करता है. इस तरह की कार्रवाइयां अस्वीकार्य हैं और यह खतरनाक तनाव वृद्धि को दर्शाती हैं. हम सभी पक्षों से तत्काल संयम बरतने तथा संवाद और कूटनीति की राह पर लौटने की अपील करते हैं. भारत की यह प्रतिक्रिया ऐसे समय आई है जब क्षेत्र में तनाव बढ़ रहा है और महत्वपूर्ण अवसंरचनाओं, विशेष रूप से परमाणु प्रतिष्ठानों पर हमलों को लेकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चिंता बढ़ती जा रही है. अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा मानकों के तहत परमाणु सुविधाओं को अत्यंत संवेदनशील माना जाता है. यूएई के अल धफरा क्षेत्र में स्थित बराकाह परमाणु ऊर्जा संयंत्र अरब दुनिया का पहला परिचालन परमाणु ऊर्जा संयंत्र है और यह देश की ऊर्जा अवसंरचना में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है.

## कोटा में 60 लाख रुपए की अवैध शराब बरामद

**उदयपुर, 18 मई.** राजस्थान में आबकारी विभाग ने अवैध शराब की तस्करी के खिलाफ की जा रही कार्रवाई के तहत कोटा में एक ट्रक से 60 लाख रुपए की अंग्रेजी शराब बरामद की गई. आबकारी विभाग के सूत्रों ने सोमवार को बताया कि मुखबिर की सूचना पर कोटा में राष्ट्रीय राजमार्ग 52, नया टोल प्लाजा, गोपालपुरा के समीप नाकाबंदी के दौरान एक ट्रक को रोककर उसकी तलाशी ली गयी तो टाट की बोरियों के नीचे रखीं अवैध शराब की 1360 पेटियां बरामद हुई. इनमें 65 हजार 280 पव्वे बरामद हुए. उक्त शराब की अनुमानित कीमत 60 लाख रूपए आंकी गई है. उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व हनुमानगढ़, उदयपुर एवं जोधपुर में भी ट्रकों से अवैध अंग्रेजी शराब की बड़ी खेप जब्त की गई है.

**कब्जा नोटिस (अचल संपत्ति के लिए) नियम 8-(1)**

चूंकि, अधोहस्ताक्षरी, वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अंतर्गत IIFL होम फाइनेंस लिमिटेड (पूर्व में इंडिया इन्फोलाइन हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के नाम से विख्यात) (IIFL-HFL) के प्राधिकृत अधिकारी हैं और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, कंपनी के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा नीचे उल्लिखित उधारकर्ता/सह-उधारकर्ताओं को राशि चुकाने के लिए एक माँग नोटिस जारी किया गया था, अतः उधारकर्ता और आम जनता को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमों की धारा 13(4) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे वर्णित संपत्ति का कब्जा ले लिया है। उधारकर्ता विशेष रूप से और आम जनता को एतद्द्वारा संपत्ति से संबंधित कोई भी लेन-देन न करने की चेतावनी दी जाती है और संपत्ति से संबंधित कोई भी लेन-देन IIFL HFL के प्रभार के अधीन होगा, जैसा कि नीचे उल्लिखित राशि पर ब्याज सहित लगाया जाएगा। उधारकर्ता का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है। यदि उधारकर्ता बिक्री या हस्तांतरण के लिए निर्धारित तिथि से पहले किसी भी समय "IIFL HFL" के बकाया और सभी लागतों, प्रभारों और व्ययों का भुगतान कर देता है, तो सुरक्षित संपत्तियां नहीं बेची जाएंगी।

| उधारकर्ता का नाम /सह-उधारकर्ता | सुरक्षित संपत्ति का विवरण (अचल संपत्ति) | कुल बकाया बकाया राशि (रु.) | मांग सूचना की तिथि | कब्जे की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| श्री विजय सिंह यादव, श्री जगन्नाथ सिंह यादव, श्रीमती राजा बाई (प्रॉस्पेक्ट नं. IL10595327) | पटवार हलखा संख्या 11, खसरा संख्या 483, देवरी खुर्द, कैना, ग्राम देवरीखुर्द, तहसील रिठी, जिला कटनी, मध्य प्रदेश 483990, भारत की पूरी संपत्ति। क्षेत्रफल (वर्ग फुट में): संपत्ति का प्रकार: भूमि क्षेत्र, कालीन क्षेत्र, निर्मित क्षेत्र। संपत्ति का क्षेत्रफल: 387.00, 330.00, 428.00। | रू. 250211/- (दो लाख पचास हजार दो सौ ग्यारह मात्र) | 27/10/2025 | 14/05/2026 |
| श्री विजय चमार, श्री कालू श्रीमती तुलसी बाई, विजय ठेकेदार, (प्रॉस्पेक्ट नं. IL10611851) | खसरा संख्या: 495/2/2, इमालिया, मौजा इमालिया, करेली, कल्याणपुर, तहसील गदरवारा, नरसिंहपुर, मध्य प्रदेश, भारत, 487441 में स्थित वह संपूर्ण भूखंड। क्षेत्रफल (वर्ग फुट में): संपत्ति का प्रकार: भूमि क्षेत्र, निर्मित क्षेत्र, संपत्ति क्षेत्र: 900.00, 550.00 | रू. 567561/- (पांच लाख सड़सठ हजार पांच सौ इकसठ मात्र) | 09/01/2026 | 15/05/2026 |

अधिक जानकारी के लिए, शाखा कार्यालय: 249, द इंफिनिटी, प्रथम मंजिल, मध्य प्रदेश नगर जोन II, तुलसी होटल के निकट, भोपाल - 462011/ या कॉर्पोरेट कार्यालय: प्लॉट नंबर 98, फेज-IV, उद्योग विहार, गुरुग्राम, हरियाणा में अधिकृत अधिकारी से संपर्क करें।

स्थान: जबलपुर
दिनांक: 19.05.2026

एसडी/- प्राधिकृत अधिकारी,
आईआईएफएल होम फाइनेंस लिमिटेड के लिए।

**Office of Ujjain Development Authority, Ujjain**

Vishal Bhawan, Bharatpuri Administrative Area, Dewas Road, Ujjain – 456010
E-mail: udaujjain@gmail.comWebsite: www.udaujjain.org

**Tender Notice**

Online tenders are invited from eligible firms for the following works. Detailed tender details can be found on the website:https://mptenders.gov.in/nicgep/app

| No. | Tender Number & Date of Issue | Name of work | Work duration & PAC | Cost of Tender Form and EMD (INR) | Last date of tender |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | UDA/ET/65/26 Date: 08/05/2026 2026_DTCP_506163_1 | Construction of Commercial Cum Residential Complex at Shipra Vihar, Dewas Road, Ujjain (Second Call) | 69,86,76,000 540 Days | 59,000/- 34,93,380/- | 30-May-2026 |
| 2 | UDA/ET/66/26 Date: 08/05/2026 2026_DTCP_506304_1 | Comprehensive Development of Angareshwar Mahadev Temple, Ujjain | 66,14,81,838 365 Days | 59,000/- 33,07,410/- | 01-June-2026 |
| 3 | UDA/ET/67/26 Date: 11/05/2026 2026_DTCP_506681_1 | Remaining Interior Furnishing Works at UDA, Ujjain | 1,03,96,1491 80 Days | 13,625/- 1,03,961/- | 02-June-2026 |
| 4 | UDA/ET/77/26 Date: 14/05/2026 2026_DTCP_508026_1 | Proposed Construction of a 9-Meter-Wide Road with a Length of 6.1 km on the Eastern Side of the Kshipra River (Second Call) | 34,53,81,814 365 Days | 59,000/- 17,26,909/- | 29-May-2026 |
| 5 | UDA/ET/76/26 Date: 14/05/2026 2026_DTCP_507987_1 | Ankapat Chourahe Khakchouk Chourahe to Mangalnath Marg Widening Work, Ujjain (Second Call) | 42,97,61,835 365 Days | 59,000/- 21,49,000/- | 29-May-2026 |
| 6 | UDA/ET/73/26 Date: 14/05/2026 2026_DTCP_507688_1 | Construction of Proposed Road of Block 1A and 2 (Package 1) at Ujjain (Second Call) | 1,37,78,63,062 365 Days | 59,000/- 50,00,000/- | 29-May-2026 |
| 7 | UDA/ET/74/26 Date: 14/05/2026 2026_DTCP_507884_1 | Construction of Proposed Road of Block 1B (Package 2) at Ujjain (Second Call) | 1,49,53,93,530 365 Days | 59,000/- 50,00,000/- | 29-May-2026 |
| 8 | UDA/ET/75/26 Date: 14/05/2026 2026_DTCP_507897_1 | Construction of Proposed Road of Block 3 and 4 (Package 3) at Ujjain (Second Call) | 1,26,13,58,238 365 Days | 59,000/- 50,00,000/- | 29-May-2026 |

**Executive Engineer**
**Ujjain Development Authority, Ujjain**